चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

Ch.Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : शोध/2897
दिनांक : 17.04.2023

विज्ञप्ति

इस कार्यालय द्वारा निर्गत विज्ञप्ति संख्या–शोध/2824 दिनांक 03.04.2023 एवं शोध/2829 दिनांक 06.04.2023 का संदर्भ ग्रहण करें जिसके द्वारा पीएच–डी0 (समाजशास्त्र) विषय में प्रवेश हेतु अर्ह अभ्यर्थियों को दिनांक 12.04.2023, 13.04.2023 एवं 14.04.2023 को साक्षात्कार में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया था।

ऐसे कतिपय अभ्यर्थी जिन्हें दिनांक 14.04.2023 को साक्षात्कार में उपस्थित होना था किन्तु अपरिहार्य कारणवश उपस्थित नहीं हो सके, के हितों के दृष्टिगत दिनांक 18.04.2023 को साक्षात्कार में उपस्थित होने का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

अतः साक्षात्कार से वंचित अभ्यर्थी दिनांक 18.04.2023 को प्रातः 10.00 बजे साक्षात्कार हेतु समाजशास्त्र विभाग, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ में उपस्थित होना सुनिश्चित करे। अन्य समस्त मद विज्ञप्ति संख्या–शोध/2824 दिनांक 03.04.2023 की भाँति यथावत रहेंगे।

17.04.2023

कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

01. वैयक्तिक सहायक कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।
02. संकायाध्यक्ष कला को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
03. विभागाध्यक्ष, समाजशास्त्र विभाग को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
04. समस्त शोध सलाहकार समिति के सदस्य को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
05. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत एंजेसी को इस आशय के साथ प्रेषित कि सम्बन्धित अभ्यर्थियों को ई–मेल के द्वारा साक्षात्कार तिथि से अवगत कराये एवं साक्षात्कार से पूर्व समस्त अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति का मिलान करना सुनिश्चित करे।
06. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाइट।
07. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।

कुलसचिव